तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
20.05.2026	पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता उभय पक्ष उपस्थित। विपक्षी संख्या 3 व 4 की तामील अब तक शेष है। अधिवक्ता निगराकारगण ने आज भी विपक्षी संख्या 3 व 4 की तामील हेतु सही पते के नोटिस प्रोसेस पेश नहीं किये। अधिवक्ता निगराकारगण ने प्रकरण प्रस्तुत करने के पश्चात् आदिनांक तक अर्थात् लगभग 04 वर्ष की अवधि व्यतीत होने के बाद भी आदिनांक तक विपक्षी संख्या 3 व 4 की तामील हेतु नोटिस प्रोसेस पेश नहीं किये। न्यायालय स्तर से दौराने अभियान विपक्षी संख्या 3 व 4 की तामील हेतु नोटिस प्रोसेस जारी करने पर सूचना पत्र अन्यत्र निवास की टिप्पणी के साथ सूचना पत्र प्राप्त होने पर अधिवक्ता निगराकारगण को विपक्षी संख्या 3 व 4 की तामील हेतु सही पते के नोटिस प्रोसेस पेश करने हेतु पर्याप्त अवसर दिए गए तथा न्यायहित में नोटिस प्रोसेस पेश करने हेतु दिनांक 06.05.2026 को अंतिम अवसर देते हुए निदेशित किया गया कि आगामी पेशी पर विपक्षी संख्या 3 व 4 की तामील हेतु सही पते के नोटिस प्रोसेस पेश नहीं करने पर कोई अवसर देय नहीं होकर पत्रावली खारिज कर दी जावेगी फिर भी उनके द्वारा विपक्षी संख्या 3 व 4 की तामील हेतु आज भी सही पते का नोटिस प्रोसेस पेश नहीं किया है अर्थात् वे अपने प्रकरण के प्रति गम्भीर नहीं है। अतः अब प्रकरण आदेश 09 नियम 05 सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के तहत खारिज किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो।	

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official